श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 104, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2020 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# प्रतापगढ़ जिले में बोलेरो खड़े ट्रक से भिड़ी, 14 बारातियों की मौत

## प्रतापगढ़ जिले के कुंडा इलाके में में बोलेरो और ट्रक की टक्कर में तीन बच्चों सहित 14 लोगों की मौत हो गई

**रात करीब एक बजे देशराज इंदारा के पास खड़े ट्रक में बोलेरो पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज से आसपास के लोग घटना स्थल की ओर भागे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया**






हादसे के बाद शवों को अपने कब्जे में लेती पुलिस व मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस

**प्रयागराज, जेएनएन।** यूपी के प्रतापगढ़ जिले के कुंडा इलाके में में बोलेरो और ट्रक की टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई। इसमें सात बच्चे भी शामिल हैं। सभी नवाबगंज थाना क्षेत्र से बारात से लौट रहे थे। कुंडा कोतवाल ने बोलेरो सवार 14 लोगों की मौत की पुष्टि की है। हादसे से घटनास्?थल पर अफरातफरी मची है।

गुरुवार को कुंडा थाना क्षेत्र के चौसा जिरगापुर गांव के संतराम यादव के लड़के की बारात नवाबगंज थाना क्षेत्र के शेखवापुर गई थी। जयमाल के बाद देर रात कुछ बाराती बोलेरो से लौट रहे थे।

रात करीब एक बजे देशराज इंदारा के पास खड़े ट्रक में बोलेरो पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज से आसपास के लोग घटना स्थल की ओर भागे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

बोलेरो में कुछ लोग फंसे हुए हैं, जिनको गैस कटर की मदद से निकाला जा रहा है। कुंडा कोतवाल डी पी सिंह ने बोलेरो में बैठे सभी 14 लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में दिनेश कुमार, पवन कुमार, दयाराम, अमन कुमार, राम समुझ, अंश, गौरव कुमार, नान भैया, सचिन, हिमांशु, मिथलेश कुमार, अभिमन्यू, पारसनाथ की पहचान हो पाई है। घटना स्थल पर देर रात एसपी अनुराग आर्य भी पहुंच गए हैं। उधर हादसे की खबर बारात में पहुंची तो अफरातफरी मच गई।

### चल बसे चार सगे भाई

कुंडा थाना क्षेत्र के चौसा जिरगापुर गांव के दो - दो सगे भाई इस भीषण दुर्घटना के शिकार हो गए. इस गांव के श्री नाथ के बेटे दिनेश और नान भइया भी बोलेरो से लौट रहे थे. लौटते समय दिनेश ने घर वालों को फोन करके आने की सूचना भी दी थी कि वह कुछ ही देर में घर पहुंच रहा है. मगर कौन जानता था कि यह उसकी स्वजनों से आखिरी बात है. ऐसा ही इसी गांव के रहने वाले दिनेश कुमार के बेटे पवन और अमन के साथ भी हुआ, दोनों इस दुर्घटना में मौत के गाल में समा गए।

### शवों को ट्रैक्टर पर लादकर भेजा गया जिला अस्पताल

एसपी अनुराग आर्या घटना स्थल पर पहुंचे. उन्होंने मृतकों के स्वजनों से बात की और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को कहा। देर रात सभी 14 मृतकों के शवों को ट्रैक्टर से लादकर जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं मौतों की सूचना परिवारों तक पहुंचने पर कोहराम मचा है।

### मृतकों में ये हैं शामिल

बबलू पुत्र रामनाथ निवासी जीरगापुर, दिनेश कुमार पुत्र श्रीनाथ, पवन कुमार पुत्र दिनेश कुमार, दयाराम पुत्र छोटेलाल,अमन कुमार पुत्र दिनेश कुमार, रामसमुझ पुत्र बैजनाथ, अंश पुत्र कमलेश, गौरव कुमार पुत्र राम मनोहर, नान भैया पुत्र श्रीनाथ, सचिन पुत्र राम समुझ, हिमांशु पुत्र राम भवन, मिथिलेश कुमार पुत्र दशरथ लाल, अभिमन्यु पुत्र रमेश चंद्र एवं बोलेरो चालक बड़े राम निवासी मानिकपुर हैं।

# सीएम योगी आदित्यनाथ बोले–नारी गरिमा के प्रतिकूल आचरण किसी के भी पतन का मुख्य कारण



**लखनऊ, जेएनएन।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर उनको नमन करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगोष्ठी में वेबिनार के माध्यम से प्रतिभाग किया। अपने सरकारी आवास से संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने महारानी लक्ष्मीबाई को भारत की नारी शक्ति के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महारानी ने देश की गुलामी के दौर में अपने पराक्रम को विदेशी हुकूमत के सामने जिस रूप में प्रस्तुत किया है, वह किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। यह तो हमारे उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि 192वें वर्ष पहले महारानी लक्ष्मी का जन्म यहीं काशी में हुआ था। उन्होंने कहा कि वीरांगना झांसी की महारानी लक्ष्मी बाई के 192वें जन्मदिवस पर मैं उनके देश और धर्म के लिए त्याग और बलिदान के लिए उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। विदेशी हुकूमत से मातृभूमि की रक्षा करना और उसकी स्वतंत्रता को हर हाल में बरकरार रखना, यही महारानी लक्ष्मीबाई जी का संकल्प था, जिसके लिए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी समाज नारी गरिमा के प्रतिकूल आचरण कर कभी गौरव की अनुभूति नहीं कर सकता है और न ही आगे बढ़ सकता है। नारी की गरिमा के प्रतिकूल हर कदम उसके पतन का बड़ा कारण बनता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमने बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रारंभ किया है। केंद्र तथा प्रदेश सरकार अपने देश के वीर और वीरांगनाओं को नमन करते हुए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। बालिकाओं के अद्भुत साहस का कार्य करने पर शासन स्तर पर महारानी लक्ष्मीबाई जी के नाम पर विशेष सम्मान का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार उत्कृष्ट बालिका खिलाड़ियों को लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित करती है। जिससे कि वह समाज, प्रदेश तथा देश में मिसाल बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए हर बालिका वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी की प्रतीक है और उसके प्रति वही सम्मान का भाव व्यक्त हो, इसे ध्यान में रखकर सरकार ने विभिन्न कार्यक्रम प्रारंभ किया है। वर्ष 2017 में प्रदेश में सरकार बनने के बाद स्नातक तक बालिकाओं की मुफ्त शिक्षा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का भी लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार के कार्यकाल में एक वर्ष में एक लाख से अधिक बलिकाओं का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत संपन्न हुआ है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और नारी गरिमा की रक्षा के लिए 'स्वस्थ भारत मिशन' के माध्यम से देश में 10 करोड़ गरीबों को शौचालय उपलब्ध करवाया गया। यह सिर्फ स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम नहीं था, बल्कि देश तथा प्रदेश में नारी गरिमा का भी प्रतीक बना है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग की बनेगी नई विश्वस्तरीय व्यवस्था, शिक्षा मंत्रालय ने तेज की तैयारी



**नई दिल्ली, अरविंद पांडेय।** उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता को परखने के लिए आने वाले दिनों में अब क्यूएस (क्वाकरेल्ली सायमोंड्स) और टाइम्स जैसी रैंकिंग का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। देश में इसी तर्ज पर अब उच्च शिक्षण संस्थानों के विश्वस्तरीय रैंकिंग की एक नई और भरोसेमंद व्यवस्था बनेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। हालांकि, इसके आकलन का फामूर्ला भारतीय शिक्षा पद्धति के मापदंडों के अनुरूप होगा। वैसे भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आने के बाद देश में शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलावों की तैयारी शुरू हो गई है।

फिलहाल उच्च शिक्षण संस्थानों की वैश्विक रैंकिंग के लिए क्यूएस और टाइम्स जैसी दो ही एजेंसियां हैं। दोनों ही बिट्रिश मूल की हैं। क्यूएस और टाइम्स जैसी रैंकिंग करने वाली एजेंसियों पर 'धारणा' के आधार पर भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों का आकलन करने का आरोप लगाया गया था। ये आरोप कोई और नहीं, बल्कि शिक्षा मंत्रालय और उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर से लगाए गए थे। यही वजह थी कि 2020 की टाइम्स रैंकिंग में आइआइटी बांबे, दिल्ली, मद्रास, कानपुर और खड़गपुर जैसे देश के सात प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों ने विरोध स्वरूप इस रैंकिंग में शामिल होने से इन्कार कर दिया।

मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि रैंकिंग तैयार करने वाली एजेंसियां अपने देश के मानकों के आधार पर संस्थानों का आकलन करती हैं। जबकि, जनसंख्या और दूसरे मापदंडों के आधार पर भारत और ब्रिटेन में काफी अंतर है। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने इस मामले में खुद रुचि दिखाई थी। अब राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग करने वाले एनआइआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क) के दायरे को विस्तार देने की तैयारी चल रही है। साथ ही इस संबंध में दुनिया के दूसरे देशों के उच्च शिक्षण संस्थानों से भी संपर्क साधा जा रहा है। इस कड़ी में मंत्रालय ने अपनी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भी दुनिया के दर्जनों देशों के साथ साझा किया है। जिसे ज्यादातर देशों ने पसंद भी किया है। सूत्रों की मानें तो मौजूदा समय में दुनियाभर में छात्रों को आकर्षित करने के लिए रैंकिंग का एक बड़ा खेल भी चल रहा है। ऐसे में एक नई और भरोसेमंद रैंकिंग व्यवस्था तैयार कर शिक्षा मंत्रालय इस गठजोड़ को भी खत्म करना चाहता है।

मौजूदा समय में क्यूएस और टाइम्स रैंकिंग के जो मापदंड हैं, उनमें शिक्षण और शोध के साथ दूसरे देशों के विद्यार्थियों और शिक्षकों का अनुपात, पीएचडी करने वालों की संख्या, प्रति स्टाफ रिसर्च पेपर की संख्या, अंतरराष्ट्रीय नजरिया और शोध कार्यो से विश्वविद्यालय को होने वाली आय जैसे विषय शामिल हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की कमी और आधारभूत ढांचा एक बड़ा मुद्दा है। जिसका ध्यान रैंकिंग की नई व्यवस्था तैयार करने के बाद भी देना होगा। मौजूदा समय में उच्च शिक्षण संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद खाली हैं। वहीं, उनके पास शोध और शैक्षणिक गुणवत्ता को मजबूती देने के लिए संसाधन की भी भारी कमी है। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा पर जीडीपी का छह फीसद खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है।

# प्राइवेट ट्रेनों के संचालन की प्रक्रिया शुरू, जानें कितनी कंपनियां ट्रेन चलाने के योग्य पाई गईं



**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** देश में प्राइवेट ट्रेनों के संचालन प्रक्रिया का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया गया। देश के चुनिंदा प्रमुख 12 क्लस्टरों में ट्रेन चलाने के लिए रेलवे ने निजी कंपनियों से प्रारंभिक योग्यता पास करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशंस (आरएफक्यू) के बाबत आवेदन मांगा था। कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 102 को इसके लायक पाया गया है। देश के कुल डेढ़ सौ रुटों पर निजी ट्रेन चलाने के लिए 30 हजार करोड़ रूपए के निजी निवेश का अनुमान है। चिन्हित रुटों और क्लस्टरों के बारे में एक जुलाई 2020 को आवेदन मांगे गए थे।

प्राप्त आवेदन निर्धारित तारीख सात अक्तूबर 2020 को खोले गए। कुल 12 क्लस्टरों के लिए 16 कंपनियों की ओर से कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए। भारतीय रेलवे ने इन कंपनियों के आवेदनों की प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है, जिनमें से 102 को अगले चरण में हिस्सा लेने के लायक पाया गया है। चुनी कंपनियां रिक्वेस्ट फॉर प्रोपोजल भेज सकती हैं। इन्हें पहले टेक्निकल बोली में हिस्सा लेना होगा। इसके बाद तीसरे चरण में वित्तीय बोली लगा सकती है। क्लस्टर के हिसाब से प्राप्त प्रस्तावों में मुंबई-1 के लिए आठ आवेदन मंजूर हुए हैं, जबकि मुंबई-दो के लिए 11 आवेदन मिले हैं। दिल्ली-1 के लिए नौ और दिल्ली-2 क्लस्टर के लिए दस आवेदन मिले हैं।

चंडीगढ़ और हावड़ा क्लस्टर के लिए आठ-आठ आवेदन मंजूर हुए हैं। पटना के लिए भी आठ और प्रयागराज के लिए नौ आवेदन मिले हैं। सिकंदराबाद और जयपुर क्लस्टर में ट्रेन चलाने के बाबत नौ-नौ आवेदन प्राप्त हुए हैं। चेन्नई को पांच और बंगलुरु के लिए आठ आवेदन मिले हैं। आवेदन करने वाली 16 कंपनियों में क्यूब हाईवेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, कंसोर्टियम आफ गेटवे रेल फ्रेट लिमिटेड, जीएमआर हाईवे, आईआरसीटीसी, आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपर्स, कंसोर्टियम आफ मेलेंपति पावर प्राइवेट, टेक्नो इंफ्रा, एल एंड टी इंफ्रा, टेक्नो इंफ्रा, मेघा इंजीनियरिंग, आरके एसोसिएट्स एंड होटलियर्स, ओमेक्स, वेलस्पन एंटरप्राइजेज, पीएनसी इंफ्राटेक और गेटवे डिस्ट्रीपार्क लिमिटेड प्रमुख हैं।

## रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर पीएम मोदी बोले, उनकी शौर्य गाथा देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी

**नई दिल्ली, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी शौर्य गाथा देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। पीएम मोदी ने ट्वीट करके कहा, ' आजादी की पहली लड़ाई में अद्भुत पराक्रम का परिचय देने वाली वीरांगना रान लक्ष्मीबाई के उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। उनकी शौर्यगाथा देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।' गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके कहा, 'रानी लक्ष्मीबाई ने अपने अद्भुत शौर्य व पराक्रम से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाकर भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा। उनके बलिदान व वीर गाथाओं से आज भी समस्त भारतवर्ष में देशभक्ति की भावना जग उठती है।1857 की क्रांति की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर उन्हें नमन।' केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप सिंह पुरी ने भी रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि दी।राजनाथ सिंह ट्वीट करके कहा, 'रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वाधीनता संग्राम की वह अमर सेनानी हैं जिनके शौर्य, साहस और पराक्रम को यह देश कभी भुला नहीं सकता। भारत की आने वाली पीढ़ियां भी उनकी वीरता एवं बलिदान से प्रेरणा लेती रहेंगी। आज उनकी जयंती के अवसर पर मैं उन्हें स्मरण एवं नमन करता हूं।' हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट करके कहा, 'उन्होंने शक्तिशाली औपनिवेशिक साम्राज्य का डटकर सामना किया और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक शानदार अध्याय लिखा। मैं रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट किया, 'मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाली रानी लक्ष्मीबाई, एक ऐसी महान वीरांगना थी जिनके हृदय में देशभक्ति की अग्नि, अविराम गति से प्रज्ज्वलित होती रहती थी। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक व भारतीय वसुंधरा को गौरवान्वित करने वाली पुण्यात्मा की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन।'

# CBI जांच के मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला कहा– इसके लिए राज्य की सहमति जरूरी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो को किसी मामले में जांच से पहले संबंधित राज्य से सहमति अनिवार्य तौर पर लेनी होगी। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि कानून के अनुसार, राज्य की सहमति आवश्यक है और केंद्र राज्य की सहमति के बिना सीबीआइ के अधिकार क्षेत्र का विस्तार नहीं कर सकता है। ये प्रवाधान संविधान के संघीय चरित्र के अनुरूप है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी अधिकारियों की याचिका पर यह फैसला सुनाया।

कोर्ट का यह आदेश सत्तारूढ़ आठ विपक्षी शासित राज्यों - राजस्थान, बंगाल, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब और मिजोरम के लिए महत्वपूर्ण है। इन राज्यों ने सीबीआइ को जांच के लिए दी गई समान्य सहमति वापस ले ली है।जस्टिस एएम खानविलकर और जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने फैसला सुनाते हुए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम का उल्लेख किया, जो सीबीआइ को नियंत्रित करता है।

कोर्ट ने कहा कि डीएसपीई की धारा 5 केंद्र शासित प्रदेशों से परे केंद्र सरकार को सीबीआइ की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र का विस्तार करने में सक्षम बनाती है, लेकिन डीएसपीई की धारा 6 के तहत राज्य संबंधित क्षेत्र के भीतर इस तरह के विस्तार की सहमति नहीं है। जाहिर है, प्रावधान संविधान के संघीय चरित्र के अनुरूप हैं, जिन्हें संविधान की बुनियादी संरचनाओं में से एक माना गया है।

फर्टिको मार्केटिंग एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक मामले में अगस्त 2019 में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पारित एक फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। फर्टिको के कारखाने परिसर पर सीबीआइ द्वारा अचानक छापेमारी की गई। कंपनी ने कोल इंडिया लिमिटेड के साथ ईंधन आपूर्ति समझौते के तहत जो कोयला खरीदा था, वह कथित तौर पर ब्लैक मार्केट में बेचा गया था। सीबीआइ ने मामला दर्ज किया था।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### गवाही नहीं देने के लिए दुकानदार पर बोला था हमला

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार स्थित पीडीए तिराहे के समीप इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाने वाले संजीव केसरवानी पुत्र स्वर्गीय नेबू लाल केसरवानी बीते 2015 में उनकी दुकान पर ताबड़तोड़ बम-बाजी की वारदात हुई थी। जिसमें दुकानदार समेत अन्य कर्मचारी घायल होने से बाल-बाल बच गए थे। जबकि बम के छर्रे लगने से दुकान क्षतिग्रस्त हो गई थी। बाबू सिंधी उर्फ संजीव मल्होत्रा के खिलाफ तहरीर देकर नैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आगामी दो दिसंबर को उक्त मामले की गवाही होना है। आरोपी ने भुक्तभोगी संजीव केसरवानी को उक्त मामले में गवाही न दें और समझौता करने लिए धमकी देते हुए बुधवार दोपहर बाद उक्त दुकान पर पहुंचा और चाकू से हमला करने के लिए प्रयास किया। जिस पर दुकान के अन्य कर्मचारियों ने उसे धर दबोचा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली उठा लाई। गुरुवार को तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## अप्पे में कार ने पीछे से मारी टक्कर, आधा दर्जन घायल




घायलों का चल रहा इलाज

**जसरा।** जारी से प्रयागराज जा रही अप्पे को पीछे से मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी उस पर सवार आधा दर्जन लोग अप्पे के पलटने से गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी जसरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को एसआरएन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है।

जारी बाजार से मजदूरों को बैठाकर प्रयागराज को जा रही अप्पे जैसे ही गौहनिया ओवरब्रिज के पास पहुंची थी कि अप्पे के पीछे-पीछे आ रही कार ने अप्पे में जोरदार टक्कर मार दिया। अप्पे पर सवार ड्राइवर सहित आधा दर्जन सवारी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में शैलेश कुमार 28 वर्ष पुत्र हीरालाल गींज थाना बारा, नन्हे खान 58 वर्ष पुत्र दुब्बर सेमरी जारी, अकबर 25 वर्ष पुत्र कल्लू जारी बाजार, मुस्तकीम (28) पुत्र मुन्ना सेमरी जारी व रामजीत (32) पुत्र सुकुरू निवासी बड़हा जारी को गंभीर चोटें आईं। इन सबको गौहनिया ओवरब्रिज के पास मौजूद लोगों ने 108 नंबर एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया। जिससे सभी को जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। डाक्टर ने इन सबको गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन प्रयागराज के लिए भेज दिया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद किया गया

**सहसों।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी को इनके पुण्य तिथि पर गुरुवार को सहसों कांग्रेस कार्यालय पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको याद किया गया द्यएवं उनके पदचिन्हों चलने का संकल्प लिया गया द्य इस अवसर पर मौजूद कांगेस के वरिष्ठ नेता देवराज उपाध्याय ने कहा कि इंदिरा जी के अन्दर दृढ इच्छा शक्ति की कमी नहीं थी जो ठान लेती थी उसको कर के रहती थी। उन्होंने इस देश को एक नई दिशा दी। शिक्षा का क्षेत्र रहा हो या राजनैतिक क्षेत्र, विदेश निति रही हो या आंतरिक निति सब में उन्होंने बखूबी हर क्षेत्र में दमदारी के साथ काम किया द्य इसीलिए उनको आयरन लेडी कहा जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद पूर्व जिला उपाध्यक्ष हलीम अंसारी, अशफाक अहमद, केवल प्रसाद शुक्ल, राम सजीवन पाल, कमला कान्त मिश्र, अम्बरीश पाण्डेय, अशोक तिवारी, संतोष शुक्ल, फुल चन्द्र साहू, बैजनाथ मिश्रा, शिव मूरत भारतीय, राम चन्द्र गौड़ आदि।

## कोरांव में जिंदा जल मरे तीन कार सवारों की दुर्घटना या हत्या?

**फालोअप**

**आखिर बगैर परिजनों को बताए चालक पिंटू पत्नी को लेकर अनिल के साथ कहां जा रहा था**

**शहजादे**



फाइल फोटो

**कोरांव।** कोरांव स्थित जवाइन गांव के पास हुए हादसे में कई ऐसे सवाल हैं जो पुलिस के माथे पर भी बल डाल रहे हैं। फिलहाल सवालों का उत्तर इससे भी मिल सकता है कि कार में लगी आग से जिंदा जले तीनों लोग कहां जा रहे थे? और इसकी जानकारी परिजनों को क्यों नहीं दी गई थी? अगर परिजनों को जानकारी थी, तो वे लोग पुलिस को क्यों नहीं बता रहे हैं? सवाल यह भी कि घर में बगैर बताए पिंटू पत्नी स्वाती को लेकर अनिल के साथ कहां जा रहा था? वैसे भी पिंटू के घर वालों को भी यह बात क्यों नहीं मालूम?

यदि बबूल के पेड़ में टकराने से कार में आग लगी तो, कार पेड़ से दूर कैसे चली गई? टक्कर इतनी तगड़ी थी कि पेड़ में दरार आ गई तो दरवाजे क्यों नहीं टूटे?

**तो क्या घरवालों ने भी नहीं पूछा कि-** वह घर से पत्नी के साथ निकला तो परिवार के लोग पूछे जरूर होंगे. यदि पूछने पर भी वे नहीं बताया तो सवाल उठते हैं कि परिवारी जनों से पिंटू के रिश्ते ठीक नहीं रहे होंगे। यदि मान भी लिया जाय कि तीनों किसी रिश्तेदार के यहां निमंत्रण में जा रहे थे. यदि ऐसा है तो यह कैसे संभव है कि रिश्तेदारी में कार्यक्रम की खबर घर वालों को न हो संभव है कि किसी दोस्त के यहां जा रहे होंगे। ऐसा है तो फिर प्रश्न यह उठते हैं कि वे यह बात परिजनों को क्यों नहीं बताया।

फिलहाल इस तरह के तमाम सवाल हैं जिनका उत्तर खोजने में पुलिस जुटी हुई है। कोरावन इलाके में कहा शादी थी या किसके यहां कार्यक्रम था,यह भी जाँच का विषय है। अनिल पर भाई के भी हत्या के आरोप हैं। पिता की करेंट से मौत भी हो चुकी है। इतनी टक्कर से कार का बुरी तरह नष्ट न हो जाना,और किसी को कार से बाहर न निकलना और बबूल से लड़ने पर पूरे लोग भस्म हो गए यह सब कई सवाल दुर्घटना य्या हत्या या लापरवाही पर जरूर खड़े हो गए हैं।एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्र कहते हैं कि जांच पूरी होने के बाद ही सारे सवालों के जवाब मिल सकेंगे।

## उमरे महाप्रबंधक ने इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड नई दिल्ली का किया निरीक्षण

**उमरे महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा और कोहरे से संबंधित महत्वपूर्ण अनुरक्षण गतिविधियों की जाँच की**




इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड नई दिल्ली का निरीक्षण करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** गुरूवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने नई दिल्ली स्थित उत्तर मध्य रेलवे की इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ट्रिप शेड का निरीक्षण किया। जून 1984 में स्थापित इस ट्रिप शेड को उत्तर मध्य रेलवे और अन्य जोनों में चलने वाली राजधानी, श्रमशक्ति, शिवगंगा, महाबोधि, जीटी एक्सप्रेस, केरल एक्सप्रेस और अन्य प्रतिष्ठित ट्रेनों सहित 23 महत्वपूर्ण ट्रेनों में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रिक इंजनों की ट्रिप और अन्य मामूली रखरखाव के लिए प्रयोग किया जाता था। ट्रिप शेड में सुचारू कार्य इन महत्वपूर्ण ट्रेनों के सुरक्षित, कुशल और समयबद्ध संचालन के लिए महत्वपूर्ण है और दैनिक आधार पर इस ट्रिप शेड में औसतन 19 कोचिंग लोकोमोटिव का अनुरक्षण होता है।

महाप्रबंधक श्री चौधरी ने शेड में संरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण अनुरक्षण प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया और लोकोमोटिव के ट्रिप रखरखाव में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों और गेजों का अवलोकन किया। उन्होंने ट्रिप शेड के विभिन्न अनुरक्षण अनुभागों का निरीक्षण किया और लोकोमोटिव की सफाई व्यवस्था की जाँच की। नम मौसम की स्थिति के दौरान व्हील स्लिप से बचने के लिए, लोकोमोटिव व्हील और रेल के बीच वांछित एडहेशन हेतु रेत डालने के लिए सैंडिंग गियर लगे होते हैं। श्री चौधरी ने लोकोमोटिव नं 37167 के रखरखाव के तहत सैंडिंग गियर के कामकाज का निरीक्षण किया। साथ ही लोकोमोटिव के लिए रेत की आपूर्ति और भरने की व्यवस्था की भी जांच की और विशेष रूप से सर्दियों और नम मौसम के दौरान इस महत्वपूर्ण लोकोमोटिव सिस्टम के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। काम करने वालों की सुरक्षा के लिए, लोकोमोटिव की छत या उच्च वोल्टेज प्रणाली पर किसी भी काम के लिए उचित ओएचई आईसोलेशन होना चाहिए। महाप्रबंधक श्री चौधरी ने आईसोलेशन रिकॉर्ड की जाँच की और निर्देश दिया कि ओएचई आईसोलेशन सम्बंधित कार्य बिना किसी अपवाद के उचित लिखित प्रक्रिया के बाद ही किया जाए।

महाप्रबंधक ने ट्रिप शेड में किए जा रहे नवीकरण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने नई दिल्ली ट्रिप शेड में कर्मचारियों की सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को ट्रिप शेड के कर्मचारियों के लिए चाय / कॉफी मशीन लगवाने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे के निरीक्षण के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के सीनियर डीईई (ऑपरेशन) आफताब अहमद और दिल्ली डिवीजन के सीनियर डीईई (ऑपरेशन) रचित खन्ना सहित शेड के तकनीकी पर्यवेक्षकों और कर्मचारी उपस्थित थे।

## डॉ. जाहिदा खानम करेंगी अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रयागराज।** कला संस्था खानम आर्ट की निदेशक डॉ. जाहिदा खानम अगले वर्ष अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन करेंगी। हाल ही में फ्लोरा एंड फौना नेचर प्रदर्शनी के सफल आयोजन से वह अभिभूत हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि-कलाकार रवींद्र कुशवाहा की पेंटिंग ऊंचे मूल्य में बिकी। इस प्रदर्शनी में 11 ख्याति प्राप्त कलाकारों की कृतियां बिकी, जो कि एक रिकार्ड रही। वर्तमान के मंदी दौर में कृतियों का बिकना कलाकारों के लिए शुभ संदेश जैसा है। इन्हीं के मद्देनजर संस्था ने अगले वर्ष में अंतरराष्ट्रीय आयोजन करने का फैसला लिया है। वहीं रविंद्र कुशवाहा को पूरे भारत के ख्याति प्राप्त कलाकारों से बधाई संदेशों की प्राप्ति हो रही है। रविंद्र कुशवाहा ने बताया कि कलाकारों से मिल रहे शुभकामना संदेशों से गदगद हूं। कोरोना काल में इतने ऊंचे मूल्य में बिकना, कला व कलाकारों के प्रोत्साहित करने जैसा है। उम्मीद करता हूं ऐसे ही जनमानस का प्यार मिलता रहेगा।

## कांग्रेसियों ने मनाई इंदिरा गांधी की जयंती




कांग्रेस कार्यालय पर भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री विश्व प्रसिद्ध इंदिरा गाँधी की 103वीं जयंती मनाते कांग्रेसी

**करछना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करछना के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर भारत के प्रथम महिला प्रधानमंत्री विश्व प्रसिद्ध इंदिरा गाँधी का 103 वां जन्म दिवस मनाया गया सर्वप्रथम इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ० दिनेश कुमार सोनी जी ने कहा कि एक महान क्रांतिकारी दूरदृष्टि सोच रखने वाली महिला थी। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने भी उन्हें दुर्गा देवी की उपाधि दी थी डा० दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है दूर दृष्टि पक्का इरादा कड़ी मेहनत आदरणीय इंदिरा गांधी के मुख्य स्लोगन थे और आज हम सब बैठक के माध्यम से शपथ लेते हैं कि इंदिरा जी के आदर्शो पर चलकर के कांग्रेश पार्टी डोर टू डोर बूथ स्तर से कार्यकताओं को जोड़ने का काम करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जन जन तक जाएंगे। इस मौके पर शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह, विद्याधर मिश्र प्रकाश पांडे, नागेश पाण्डेय 'सरफरोश' नारायण दुबे आशीष कुमार मिश्र,रमेश प्रताप सिंह घनश्याम मिश्र, कौशलेंद्र गौड, हैदर अली सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी में थी नीतिगत और समयानुकूल निर्णय लेने की क्षमता : देवराज

**प्रियदर्शिनी के जन्मोत्सव पर कांग्रेसियों ने किया उन्हें याद**



भारद्वाज गुरुकुलम विद्यालय में इंदिरा गांधी का जन्मोत्सव मनाते कांग्रेसी

**फूलपुर।** लौह महिला कही जाने वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्मोत्सव गुरुवार को रूदापुर स्थित भारद्वाज गुरुकुलम विद्यालय में मनाया गया। विद्यालय में एकत्रित कांग्रेसी नेताओं ने आयरन लेडी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डालते कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत कम ही ऐसे लोग हैं जिन्होंने पूरी दुनिया की राजनीति पर अमिट छाप छोड़ी है। इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी भी एक ऐसा ही नाम है जिनके निर्भीक फैसलों और दृढ़निश्चय के चलते उन्हें ह्यलौह महिलाह्न कहा जाता है। भारद्वाज गुरुकुलम के निदेशक एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि बहुमुखी व्यक्तित्व की धनी इंदिरा गांधी जी ने अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेता के रूप में जो अमिट छाप दुनिया के सामने छोड़ी है वह अभूतपूर्व है। उनमें नीतिगत फैसला व विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता थी। उन्होंने लोगों से इंदिरा गांधी के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। बैठक में डॉक्टर जगत नारायण सिंह, सलीम टाइगर, दिलीप दुबे, गुलाब यादव, विनय उपाध्याय, सूर्यकांत द्विवेदी, अश्वनी श्रीवास्तव, शाकिब उर्फ बबलू, अनवर अली, रिंकू तिवारी, अमरीश पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धापूर्वक याद की गयी 'आयरन लेडी' पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी



देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 103 वीं जयंती मनाते हुए

**करमा।** अकोढ़ा स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी इंटरमीडिएट कालेज में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 103 वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हे याद किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने उपस्थित बच्चों को बताया कि इंदिरा गांधी कठोर फैसले लेने वाली महिला थी, बांग्लादेश मुक्ति के बाद उनकी छवि एक अन्तर्राष्ट्रीय नेता के रुप में उभरी, भारत की बेटियों को इंदिरा के अदम्य साहस को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कक्षा 12 की छात्रा काव्या त्रिपाठी ने इंदिरा गांधी से जुड़े रोचक विचार रखा। माल्यार्पण प्राची केशरवानी, नेहा पाण्डेय, अंकित, विनय कुशवाहा ने किया। उक्त अवसर पर शिक्षक कृष्णा नंद शुक्ल, अनुज प्रजाति, राजेंन्द्र पांण्डेय, रामसुंदर, अमरेन्द्र कुशवाहा, सुशील सिंह गणेश शंकर शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## आराध्या फाउन्डेशन 23को करेगा सोलर वितरण एवं मिशन शक्ति आयोजन

**करमा।** क्षेत्र के बरामार में आराध्या फाउंडेशन के तत्वावधान में 22नवम्बर कों सोलर लाइट उदघाटन एवम ग्रामीणों कों बिजली के स्थान पर सोलर हेतु जागरुक किया जाएगा। उक्त अवसर पर बरामार निवासी कमल नयन सिंह को सोलर इस्तेमाल हेतु फाउंडेशन की ओर से जागरूक भी किया जाएगा। कार्यक्रम में फाउंडेशन पदाधिकारियों सहित विभिन्न इंजीनियर भी उपस्थित रहेंगें साथ ही यह भी जानकारी प्रदान की गयी कि इस अवसर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय की एक प्रोफेसर के माध्यम से बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति आदि नारी वर्ग को मजबूत एवम आत्मनिर्भर बनाने कें प्रमुख बिन्दुओं पर परिचर्चा भी आयोजित की जायेगी । उक्त जानकारी संस्था की सदस्या बिंदुलेखा पटेल नें प्रदान की।

## बूंदाबादी से भीगी धान की फसल किसानों पर मंडराए संकट के बादल

**घूरपुर।** मंगलवार के दिन से ही आसमान में लगातार बादल छायी रही और बुधवार गुरुवार को भी दिन भर छायी बादल बूंदाबादी करती रही ऐसे में धान की कटाई पिटाई का कार्य ठप हो गया। जिससे धान के किसानों पर संकट के बादल मंडरा रहे है। किसान परेशान है कि और बारिश हो गई तो धान की फसल भी खराब हो जाएगी।

गुरुवार की सुबह मौसम का मिजाज और बिगड़ गया। सुबह से ही आसमान में बदली छाई रही। दोपहर में अचानक काले बादल छाए और फिर हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि कुछ देर बाद बूंदाबांदी बंद हो गई, लेकिन इससे क्षेत्र के घूरपुर बीकर, कंजासा, भीटा, पालपुर, चौकठा, बिगाहिया, परासरा, तातारगंज, कांटी, बुदावा समेत क्षेत्र के अन्य गांवो के खेतों में कटी पड़ी धान की फसल भीग गई।

बूंदाबांदी होते ही किसान खेतों में पहुंच गए और उन्होंने कटी पड़ी धान की फसल उठाने लगे। हालांकि तब तक काफी फसल भीग गई। फसल भीगने से नरम हो गई। ऐसे में धान की पिटाई का कार्य भी रुक गया। क्षेत्र के किसान बचानी पाठक, लालमन पाल,बाबा पांडेय, बुद्धि प्रकाश दुबे ने कहा कि वैसे ही इस बार सिंचाई के संकट से गेहूं की बोआई पिछड़ रही है।

## दांदूपुर में कवि सम्मेलन 22को, डा. बी.के. कश्यप. होंगें मुख्य अतिथि

**करमा।** जन जागरण मंच एवम काव्य -कुटुम्ब कें संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र कें दांदूपुर स्थित समदरिया स्कूल आफ स्पेशल एजूकेशन सम्मान समारोह एवम कवि सम्मेलन का आयोजन 22नवम्बर कों किया गया हैं जिसमें जनपद कें अनेकों प्रतिष्ठित कवियों कें साथ प्रमुख वक्ता गण सम्मिलित होंगें इस अवसर पर गोल्ड मेडलिस्ट, आयुवेर्दाचार्य डा. बी. के. कश्यप बतौर मुख्य अतिथि होंगे । उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए व्यवस्थापक मंडल के सदस्य सन्तोष कुमार शुक्ल 'समर्थ' नें आगे यह भी बताया कि कार्यक्रम में सुश्री प्रियंका मिश्रा, विजय चितौरी, डा. मणिशंकर द्विवेदी, डा. भगवत पाण्डेय, राजेंद्र तिवारी, आर.एस. वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### सांसद की पौत्री के निधन पर हुई शोक सभा

**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित लोकमंगल संस्थान में हुई शोक सभा के दौरान मौजूद लोक कलाकार, कवि, साहित्यकारों ने बीते दिनों प्रयागराज की सांसद डॉ रीता जोशी की पौत्री के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक और संस्थान के निदेशक डॉक्टर भगवत पाण्डेय ने असामयिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह असहनीय हादसा है। कवि राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि दिल को दहलाने वाली ऐसी घटना से हम सभी हतप्रभ रह गए हैं। शोक सभा में मौजूद लोगों ने नम आंखों से 2 मिनट का मौन रख परिजनों को ऐसे कष्ट के समय धैर्य और सहनशक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर राम लोचन सांवरिया, फतेह बहादुर ऋषिराज, अशोक बेशरम,संतोष शुक्ला समर्थ श्यामलाल बेगाना, रामबाबू यादव रत्नाकर सिंह तन्हा, जीतेंद्र जलज, रामभोर मिश्रा,वेद श्रीवास्तव, विपिन सिंह, बृजेश तिवारी, वीरेंद्र कुसुमाकर, सबरेज अहमद, बेचन लाल विनोदी,डॉ अमरनाथ सिंह ,फूलचंद यादव मोनू मस्ताना, इंद्रजीत यादव, मानिक ओझा, विजय पाल,अशोक विश्वकर्मा समेत मिशन और संस्थान से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार वाहन ने ली दो महिलाओं की जान

### प्रयागराज लखनऊ हाईवे मार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के हथिगहां चौराहे पर घटी घटना

**घटना के बाद मृतक दोनों महिलाओं के परिजनों में मचा रहा कोहराम, वाहन का पता लगाने में जुटी पुलिस**



मृतक के घर जुटी लोगों की भीड़ व मौजूद पुलिस

**नवाबगंज।** बृहस्पतिवार को प्रयागराज लखनऊ हाईवे मार्ग पर अज्ञात वाहन ने 2 महिलाओं को टक्कर मार दिया। जिसमें दोनों महिलाओं की मौत हो गई। हाईवे मार्ग पर घटी घटना के बाद लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर नवाबगंज की पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उधर घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। जहां पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। घटना नवाबगंज थाना क्षेत्र के हथिगंहा चौराहे की है।

अजीतपुर थाना नवाबगंज निवासी लाल जी की पत्नी रानी देवी उम्र 65 वर्ष रिश्तेदारी से घर लौट रही थी। बताया जाता है कि प्रयागराज लखनऊ हाईवे मार्ग को पार करते समय तेज रफ्तार से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वाहन लेकर चालक भाग रहा था की वही अजीतपुर हथिगहां निवासी गायत्री देवी (55) पत्नी स्वर्गीय तुलसीराम को भी अपनी चपेट में लेते हुए रौंद दिया जिससे उसकी भी मौत हो गई। सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत की खबर जैसे ही लोगों ने देखा। लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना के बाद दोनों महिलाओं के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर नवाबगंज की पुलिस आनन फानन घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद दोनों महिलाओं की मौत को लेकर लोग काफी आक्रोशित रहे। लेकिन पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को किसी तरह से शांत कराते हुए शव को अंत परीक्षण के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया। जबकि घटना के बाद वाहन का पुलिस पता लगाने में जुट गई है।

## भाजपा नेता को मिली जान से मारने कि धमकी

**फूलपुर।** क्षेत्र में बढ़ता कद व जरूरतमंदों की आवाज बनना भाजपा नेता को महंगा पड़ रहा है। अपराधियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। वहीं पीड़ित भाजपा नेता ने पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के उग्रसेनपुर बाजार निवासी अनिरुद्ध कुमार सोनी उर्फ राज सोनी भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष है। उनका आरोप है कि गुरुवार को दोपहर उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जो उन्हें भद्दी- भद्दी गालिया देते हुए जान से मारने कि धमकी देने लगा। पीड़ित ने उक्त मोबाइल नंबर की जानकारी की तो पता चला कि सिमकार्ड सराय ममरेज थाना क्षेत्र के खानपुर दांडी गांव निवासी नन्द लाल पटेल का है । भुक्त भोगी ने गुरुवार की शाम को फूलपुर कोतवाली में पहुंच कर उक्त व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाई की मांग की तो पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## बाइक सवार डिवाइडर से टकराए एक की मौत, एक घायल

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे के समीप बुधवार को डिवाइडर से बाइक टकराने पर एक युवक की मौत हो गई।जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतक युवक के परिजनों में कोहराम मचा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

जानकारी के मुताबिक मिजार्पुर जिले के जिगना स्थित गोनौरा गांव निवासी शारदा प्रसाद (28) पुत्र जगनारायण गुप्ता व उसका साथी शिवम सिंह (27) पुत्र चंद्रशेखर सिंह बुधवार देर शाम को पल्सर बाइक द्वारा दोनों जिगना की ओर जा रहे थे। जैसे ही औद्योगिक क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे के समीप पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जाकर टकरा और दोनों घायल होकर सड़क पर जा गिरे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दोनों युवकों को लादफांद कर इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही थी कि रास्ते में ही शारदा प्रसाद की मौत हो गई। वहीं उसके दोस्त शिवम सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मृतक के परिजनों को सूचना मिली तो वह अस्पताल पहुंचे और शव देख कोहराम मच गया। हालांकि पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

## राजर्षि टंडन मुक्त विवि ने 30 नवम्बर तक बढ़ाई प्रवेश तिथि

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के एमबीए और एमसीए में प्रवेश तिथि 30 नवंबर 2020 तक बढ़ा दी गई है। एमबीए, एमसीए प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा नहीं देनी पड़ेगी। विश्वविद्यालय ने पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों को सीधे प्रवेश देने का निर्णय ले लिया है। प्रवेश परीक्षा न होने से प्रवेश लेने वाले छात्रों की मांग पर विश्वविद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। प्रवेश प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश यादव ने बताया अब विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन न कर निर्धारित शैक्षिक योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि इच्छुक शिक्षार्थी पूर्व की भांति विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कराते हुए प्रवेश हेतु आवेदन करें।

## मण्डलायुक्त, आइजी एवं जिलाधिकारी संगम क्षेत्र एवं अरैल के घाटों का भ्रमण कर छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

**महिलाओं से छठ पूजा घर पर ही मनाने की अपील**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार, आईजी के0पी0 सिंह, जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी गुरूवार को अरैल, बलुआ घाट एवं संगम घाटों का भ्रमण कर छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर कोविड-19 महामारी के प्रभाव को देखते हुए महिलाओं से छठ पूजा को यथासम्भव घर पर अथवा घर के निकट ही मनाये जाने की अपील की गयी है। भ्रमण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, लाईट, चेंजिंग रूम सहित सभी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया है। घाटों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने एवं उसके माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का प्रयोग करने सहित कोविड-19 के अन्य दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निरंतर प्रचार किये जाने के लिए कहा गया है। प्रशासन ने सरकार द्वारा जारी निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने एवं स्वंय की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक-सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, नगर आयुक्त-रवि रंजन, एसपी सिटी-दिनेश सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।



छठ पूजा की तैयारियों को लेकर घाटों का जायजा लेते मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारीगण

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी जी की 103वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की 103वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसी

**प्रयागराज।** गुरुवार को आनंद भवन पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों मे पूर्व सांसद राज्यसभा, सदस्य सीडब्ल्यूसी माननीय प्रमोद तिवारी, राम किशुन सिंह पटेल अध्यक्ष गंगापार,अरुण कुमार तिवारी अध्यक्ष यमुनापार, नफीस अनवर शहर अध्यक्ष तथा श्याम कृष्ण पांडे पूर्व अध्यक्ष, सुधाकर तिवारी, सुशील तिवारी, फुजैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, किशोर वार्ष्णेय, दीपचंद तिवारी, अंशुमान सिंह पटेल, संजय तिवारी, मुकुंद तिवारी, हरदेव सिंह, अल्पना निषाद, विनय दुबे, अजय श्रीवास्तव, जावेद उर्फी, अनिल पांडे, शिपतैन बबलू, दिवाकर भारतीय, दत्तात्रेय त्रिपाठी, जितेंद्र राय, हरि किशोर यादव, अशफाक अहमद, देवराज उपाध्याय, विजय सिंह पटेल, शुभम शुक्ला, बृजेश गौतम, गोविंद सिंह, प्रभात पांडे, कामेश्वर सोनकर, रिंकू तिवारी, नसीम हाशमी, मोहम्मद कैफ वारसी आदि लोग शामिल रहे। कांग्रेस के सिपाहियों ने आनंद भवन पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात कैंट के निकट स्वर्गीय इंदिरा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई पूरे कार्यक्रम में जहां स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती मनाते हुए उन्हें याद कर गर्व महसूस किया जा रहा था वही आज ही के दिन विगत 35 वर्षों से स्व. इंदिरा जी के नाम पर आनंद भवन से शुरू होने वाली इंदिरा मैराथन दौड़ न होने से कार्यकर्ताओं, कांग्रेस के सिपाहियों में आक्रोश भी दिखाई पड़ा। सब की मंशा थी कि जब बाजार खुले हैं माल खुले हैं सारे कार्य लगभग होते दिखाई दे रहे हैं तो ऐसी स्थिति में कोविड-19 के प्रकोप से बहाना लेकर इंदिरा मैराथन दौड़ न कराया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है कांग्रेस के सिपाहियों ने कहा है कि सरकार ने दुर्भावना से इंदिरा मैराथन दौड़ को आज आयोजित नहीं किया है' जबकि पब्लिक क्षेत्र में सारे कार्य व्यवस्थित ढंग से सावधानी को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं यह दौड़ भी सावधानियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जा सकती थी जिसे नहीं किया गया।

## प्रयागराज NSUI ने इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उनको याद किया

**प्रयागराज।** गुरूवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर एनएसयूआई प्रयागराज जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर की अगुवाई में इंदिरा जी की जयंती पर उनको पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया और गोष्टि का आयोजन कर देश के प्रति उनके योगदानों को याद किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इंदिरा जी ने बानर सेना टोली बनाकर देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई,देश के वर्तमान प्रधानमंत्री सिर्फ मन की बात करता है किसी के मन की सुनता तक नही, देश को आज फिर से गुलामी की ओर ले जा रहें, इंदिरा जी ने देश को विश्वपटल तक पहुँचाया ये उसे बेच बेच काले अंग्रेजियत की वरासत सम्हाले बैठे, छात्र हितों की लड़ाई लड़ने वाली संगठन एनएसयूआई की नींव रखा, लेकिन आज सबसे ज्यादा शोषण छात्रों का ही होर रहा जिसकी पूर्णतः जिम्मेदार वर्तमान हिटलरशाही सरकार है। जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि इंदिरा जी को शुरू तमाम आलोचकों ने 'गूंगी गुड़िया' की उपाधि दी थी, लेकिन 1966 से 1977 और 1980 से 1984 में प्रधानमंत्री दौरान इंदिरा जी ने अपने साहसी फैसलों के कारण साबित कर दिया कि वह एक बुलंद शख्यिसत की मालिक हैं। क्रांतिवीर ने कहा कि छात्रों को भी अपने हक की लड़ाई के लिए आवाज बुलन्द करनी होगी, चुप्पी तोड़नी होगी तभी सरकार चेतेगी। कार्यक्रम संचालन इकाई अध्यक्ष सत्यम कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, हरिकेश हैरी, सत्यम कुशवाहा, नागेंद्र मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, अश्वनी यादव, वैभव सिंह, जय सिंह, शरद शंकर, दीपक पटेल, अभिषेक गहरवार इत्यादि लोग प्रमुखता से रहें।

## समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन कार्यक्रम को लेकर बैठक

**सिरसा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामपंचायत शिवपुरा अमिलिया गांव ब्लाक उरुवा मे 22 नवंबर को समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन कार्यक्रम को लेकर एक बैठक मेजारोड चौराहे पर जिला सचिव लल्लन सिंह नेता जी के आवास पर संपन्न हुई। जिसमें 22 नवंबर को सुबह 11 बजे ग्रामपंचायत शिवपुरा अमिलिया गांव मे आयोजित किया जाएगा।समाजवादी पार्टी के संरक्षक, पूर्व रक्षा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के 82 वें जन्मोत्सव को लेकर चर्चा हुई। मेजा विधानसभा अध्यक्ष श्याम कृष्ण सिंह यादव (पप्पू यादव) नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद जनप्रिय, जननायक कुंवर रेवती रमण सिंह होंगे तथा विशिष्ट अतिथि रामवृक्ष सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा विधान परिषद सदस्य एवं जिला सचिव लल्लन सिंह रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर बी पांडेय पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षक सभा समाजवादी पार्टी करेंगे। युवा नेता हर्षित पांडे ने बताया कि नेताजी के विजन और सोच को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। और वृद्धजनों, दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल व उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी सपा नेता अंशु सिंह ने दी है। इस मौके पर देशराज सिंह, नीरज सिंह यादव, रचित कुमार विश्वकर्मा आदि रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0ः UPHIN2001/9025

## छठ पूजा समिति घाट पर कोरोना के प्रति करेगी जागरूक

**प्रयागराज।** छठ महापर्व के अवसर पर बुधवार को संगम नोज पर पूर्वांचल विकास एवं छठ पूजा समिति के कैंप कार्यालय का भूमि पूजन किया गया। स्वामी हरि ओम के आचार्यत्व में समिति के अध्यक्ष अजय राय और पदाधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया। कैंप कार्यालय में दीप जलाकर पर्व के निर्विघ्न कुशलता की कामना की। अजय राय ने बताया की गुरुवार से अखंड रामायण का पाठ होगा। समिति की ओर से श्रद्धालुओं को कोविड-19 के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर कृष्णानंद तिवारी, जय किशन सिंह, शंकर प्रसाद मिश्र, जगदेव, आनंद दुबे, राजेश पांडेय, बृजेश सिंह बच्चा सिंह, अमन सिंह यादव, करण कुमार मौजूद रहे।

## स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए सपा ने झोंकी ताकत

**केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति की बैठक में बनी रणनीति**

**21 को आएँगे सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल**



बैठक में उपस्थित सपा कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** स्नातक एमएलसी चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव संचालन समिति की बैठक में विधायक, पूर्व विधायक एवं चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों की निगरानी में ब्लाक स्तर पर संचालन समिति बनाकर मतदाताओं की सूची लेकर घर घर जाकर संपर्क में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

चुनाव को लेकर सपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानपरिषद सदस्य मा नरेश उत्तम पटेल भी आगामी 21 नवंबर को प्रयागराज आएँगे। सपा के जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार इस दिन प्रदेश अध्यक्ष श्री पटेल जी जनपद में कई स्थानों पर जन संवाद करेंगे। दोपहर 12 बजे पार्टी के जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में पार्टी जनों की बैठक कर चुनाव जीतने के लिए मंत्र देंगे।

बैठक में जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने इस चुनाव को करो और मरो की तर्ज. पर लड़ने का आग्रह किया। कहा कि भाजपा लोकतन्त्र को खत्म करने पर आमादा है, चूंकि यह चुनाव बैलेट पेपर और कलम स्याही से हो रहा है, ऐसे में लोकतन्त्र को बचाने के लिए समाजवादीपार्टी के कार्यकताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बैठक का संचालन जिला महासचिव संदीप सिंह पटेल ने किया।

बैठक में सर्व विधानपरिषद सदस्य बासुदेव यादव, विधायक उज्जवल रमण सिंह, पूर्व अपर महाधिवक्ता कमल सिंह यादव, पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व मंत्रीगण हीरामणि पटेल, रामानन्द भारती, पूर्व विधायक गण श्री राम सेवक पटेल, प्रशांत सिंह, सत्य वीर मुन्ना, अंसार अहमद, विज्मा यादव, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता के के श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह, कृष्ण मूर्ति सिंह, संदीप पटेल, गुलाब सिंह यादव, मंसूर आलम, निधि यादव, राम देव निडर, श्याम लाल पाल, राम सुमेर पाल, अनिल यादव, मेराज आरिफ, रवि मिश्रा, कमला यादव, गीता पासी, मनोज पाण्डेय, दूध नाथ पटेल, द्वारिका कुशवाहा, राम निरंजन विश्वकर्मा, पंचू राम निषाद, संगम लाल प्रजापति, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी आदि मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### रैचनपुर में होने वाली दंगल प्रतियोगिता स्थगित सिर्फ मेले का आयोजन

**प्रतापगढ़।** एकादशी के अवसर पर आयोजित होने वाला सांगीपुर क्षेत्र के रैचनपुर का दंगल इस बार कोरोना वायरस के कारण इस बार आयोजक मन्डल द्वारा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है । आयोजकों ने बताया कि इस बार सिर्फ मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें सोसल डिस्टेंसिंग के साथ ही दुकानें लगेगी । उक्त जानकारी दंगल कमेंटी के संस्थापक श्रीनिवास मिश्र ने दी ।

### जानलेवा हमले को लेकर दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** कोतवाली के अजगरा निवासी राकेश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्नींस नवंबर को वह बाइक से अपने निमार्णाधीन मकान को देखने जा रहे थे। आरोप है कि दिन मे दो बजे गांव के एक आरोपी ने पीछे से घात लगाकर उस पर हॉकी व राड़ से हमला बोल दिया। हमले मे पीडित गंभीर रूप से चुटहिल हो गया और उसके पुत्र केशव का हाथ टूट गया। पीडित का कहना है पुलिस को तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई न होने से मनबढ़ आरोपी उसे लगातार जानलेवा धमकी दे रहे है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**टेकारी थाना खागा जिला फतेहपुर के युवक बांटने आए थे शादी का कार्ड वापस जाते समय हुआ हादसा**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिलावल पुर ग्राम सभा के पास अज्ञात वाहन ने देर रात मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दिया है जिसमें दोनों साथी गंभीर घायल हो गए थे। टक्कर की आवाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे देखा दो नवयुवक सड़क पर तड़प रहे है आसपास के लोगो ने कोतवाली सूचना देते हुए सड़क हादसे में घायल दोनों युवकों को एम्बुलेंस से सिराथू स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती कराया अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी दूसरे की स्थिति खराब होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार कमलेश कुमार पुत्र शीतल प्रसाद ,श्याम जी पुत्र चंद्रिका प्रसाद गुप्ता दिलावल पुर ससुराल में शादी निमंत्रण कार्ड बांटने आये थे कार्ड देकर बाइक सवार वापस घर टेकारी थाना खागा जिला फतेहपुर जा रहे थे सैनी कोतवाली क्षेत्र के दिलावरपुर के पास सड़क पर अज्ञात वाहन बाइक सवारों को ठोकर मारकर फरार हो गया हादसे के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े हैं जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल भेजा गया है। इलाज के दौरान कमलेश कुमार की मौत हो गई है सैनी कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक आत्मप्रसाद यादव मय हमराहियों के साथ मौके पर पहुँचे और शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



हादसे के बाद अस्पताल के बाहर मौजूद घायल के परिजन

## यातायात माह पर जागरूकता और मिशन शक्ति पर वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न

**कौशाम्बी।** यातायात माह नवंबर 2020 व तृतीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के संदर्भ में एमवी कान्वेंट इंटर कॉलेज ओसा में यातायात जागरूकता और मिशन शक्ति पर वाद विवाद प्रतियोगिता कराई गई जहा नियमों की जानकारी दी गयी वा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने दुर्घटनाओं के कारण और निवारण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया इसी तरह श्री देव शरण स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज देवरा मंझनपुर में भी छात्र और छात्राओं को संबोधित गोष्ठी का आयोजन कर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जानकारी दी गई यातायात प्रभारी रविंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में मंझनपुर चौराहे के पास बस चालकों और टैक्सी चालकों की निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाकर आंखों की जांच करवाई गई एवं निशुल्क चश्मो का वितरण किया गया परीक्षण तथा उपचार का कार्य डॉक्टर नीरज कुमार जायसवाल नेत्र परीक्षण अधिकारी द्वारा किया गया।



राशन गोदाम का सत्यापन करते चायल विधायक संजय गुप्ता

## जो कोटेदार राशन कार्ड धारकों को कम राशन देगा उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाई होगी : विधायक

**चरवा कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक के तिलगोड़ी में धान क्रय केंद्र का चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों को कम राशन देना और यह तर्क देना की गोदाम से राशन कम तौल में मिलता है इसी शिकायत के क्रम में गोदाम में कोटेदारों को राशन वितरण की निकासी को चेक किया गया उन्होंने कहा कि राशन गोदाम में पहुंचकर कई बोरी की तौल कराई तौल में राशन पूरा निकला कोटेदारों द्वारा कम तौल की कही जा रही बात पूर्णतया गलत साबित हुई निरीक्षण के दौरान चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जो कोटेदार राशन कार्ड धारकों को कम राशन देगा उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाई होगी।

# पीएम आवास एंव शौचालय वितरण में धांधली, डीएम से शिकायत

**पात्र होने के बावजूद भी आवास व शौचालय का लाभ न दिए जाने से नाराज ग्रामीणों मे ग्राम प्रधान सहित जिम्मेदारों के प्रति ब्याप्त है आक्रोश**

**प्रतापगढ़।** आजादी के 70 वर्ष बाद भी जनपद मे कई ऐसे गांव हैं जहां पात्र होने के बावजूद भी ग्रामीण आज भी आवास के लाभ को पाने के चक्कर मे जिम्मेदारों के चक्कर लगाते नजर आते हैं और उन्हे प्रधानमंत्री आवास का लाभ पाने के लिए जिम्मेदारों से मिन्नतें भी करना पड़ता है बावजूद इसके उन्हे सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पाता। कुछ ऐसा ही मामला है लक्ष्मणपुर विकासखन्ड के हदिराही ग्राम सभा अन्तर्गत आने वाले रहिमाकुली के हरिजन बस्ती का, जहां के चन्द्रभान कोरी, रमेशचन्द्र कोरी, शान्ति देवी, लखपति देवी, काजल कोरी, रीता, मंजू, आरती देवी सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने गांव मे ग्राम प्रधान पर मनमाने ढंग से काम करने तथा अपात्रों को प्रधानमन्त्री आवास का लाभ दिए जाने आदि मामलों को लेकर जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र मे आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा पात्रता के आधार पर उन्हे आवास का लाभ दिए जाने की मांग करते हुए दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान नन्हे वर्मा सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही करने के लिए मांग किया है, ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होने कई बार उन्हे प्रधानमन्त्री आवास एंव जनपद के प्रत्येक गावों मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनने वाले शौचालय का लाभ भी दिए जाने हेतु मिन्नते किया था किन्तु आरोप है कि न तो उन्हे आवास का लाभ मिला और न ही शौचालय का लाभ जिससे नाराज दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय के पास ग्राम प्रधान के प्रति नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा जिसपर जिलाधिकारी रुपेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत ही टेलीफोन के जरिए खन्ड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर अन्जू वर्मा से बात कर मामले की शीध्र जांच कर आख्या दिए जाने के प्रति निर्देशित किया है।

### भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने की बैठक

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी लालगंज मंडल में स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी के चुनाव के संदर्भ में बैठक हुई जिसमें जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, चुनाव सहायक सुनील तिवारी, जिला महामंत्री अशोक मिश्र, रामपुर - संग्रामगढ़ विकास खंड के स्नातक प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश गिरि, पूर्व प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह, विधानसभा शिक्षक प्रभारी सुरेश कुमार सिंह, विधानसभा स्नातक के प्रभारी पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, रामपुर - संग्रामगढ़ विकास खंड शिक्षक प्रभारी चंद्रशेखर पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र पांडेय मंटू, मंडल अध्यक्ष राज कुमार बरनवाल एवं मंडल महामंत्री राजेश मिश्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।इस दौरान पार्टी प्रत्याशी के विजय एंव पार्टी विस्तार की नीतियों पर चर्चा किया गया साथ ही सुनील तिवारी को बुंदेलखंड कानपुर क्षेत्र का पार्टी का क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर कार्यकताओं द्वारा उन्हे बधाई भी दिया गया।

## खुशहालगंज में गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

**22 गांवों में हरिद्वार से आए गुरु द्वारा कराया गया दीप प्रज्वलन एंव हवन महायज्ञ**

**प्रतापगढ़।** मान्धाता के पनियारी गांव में विगत 27 वर्षों से चली आ रही प्रथा के तहत गायत्री परिवार के सानिध्य मे प्राकृतिक जड़ी बूटियों से निर्मित हवन महायज्ञ हुआ सम्पन्न। कोविड के चलते इस बार महायज्ञ के अगुवा वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिंह ने खुशलेश्वर महादेव मंदिर के सामने बडे. धूम - धाम से गायत्री महायज्ञ को कराया सम्पन्न, जिसमें पनियारी सहित कई गांवों के श्रद्धालुओं ने महायज्ञ मे हवन करके कोरोना संक्रमण के चपेट मे आकर अपने शरीर को त्याग कर परलोक मे चले गये है लोगों के आत्मा की शांति के लिए भी हवन आदि करके ईश्वर से उनके लिए प्रार्थना आदि किया ।इसके पश्चात ईश्वर की आरती कर उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सुनील सिंह, कुलभूषण सिंह, धर्मेन्द्र दुबे, पत्रकार डां. रवि सिंह, शिव शंकर दुबे, शिवशंकर सिंह आदि मौजूद रहे । कार्यक्रम का आयोजन राधेश्याम सिंह ने किया ।



लालगंज मे अमर शहीद इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

# इंदिरा ने भारत को दुनिया के पांच शक्तिशाली देशो के नेतृत्वकर्ता का दिया दर्जा : प्रमोद

**जयंती पर कांग्रेसजनों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित इंदिरा चौक पर शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियो ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर कार्यकर्ता चौक पहुंचे और शहीद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता की मजबूती का संकल्प लिया। जयंती पर जारी विज्ञप्ति मे कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि इंदिरा गांधी ने श्वेत क्रांति एवं हरित क्रांति के माध्यम से जहां खाद्यान्न के क्षेत्र मे भारत को आत्मनिर्भर बनाया है। वहीं प्रिवियर्स समाप्त कर आमजनों को देश मे पहली बार राजा महराजाओं के बराबरी का सम्मानजनक दर्जा प्रदान किया। प्रमोद तिवारी ने इंदिरा को दुनिया मे शहस्त्राब्दी की शक्तिशाली एवं प्रभावशाली नेता ठहराते हुए कहा है कि दुनिया के पांच आर्थिक एवं सामरिक रूप से शक्तिशाली देशो मे एक सौ तीन गुटनिरपेक्ष देशो का नेतृत्व करने का गौरव भी उनके लौह नेतृत्व मे मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजक चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय एकता का संकल्प दिलाया। इस मौके पर छोटेलाल सरोज, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, शिव बहादुर सरोज, पप्पू जायसवाल, संजय द्विवेदी, रामू मिश्रा आदि रहे।

### भक्ति और भक्त सदैव हुआ करते हैं भगवान के प्रिय : दिनेश जी महराज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हरनाहर के समीप रामचंद्रपुर मछेहा हरदोपटटी मे हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ मे चैथे दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह के कथा वृतांत को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथाव्यास पं. दिनेश शुक्ल गुरुजी महराज ने कहा कि भगवान के प्रति सच्चे मन से प्रेम मनुष्य को उसकी हर आकांक्षा को फलीभूत किया करता है। श्रीकृष्ण के प्रति रुक्मिणी के निष्छल प्रेम का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कथाव्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण ने सदैव हर स्थिति मे भक्त की निश्छलता को हृदय से अंगीकृत किया है। दिनेश शुक्ल जी महराज ने कहा कि भगवान कृष्ण के नाम और उनके संकीर्तन मे रमने वाले प्राणी का हर लोक सुमंगल हुआ करता है। उन्होनें कहा कि भगवान का भजन और नित्य प्रति कर्म साधना ही जीवन की शाश्वत तपस्या है। भक्ति और भक्त सदैव श्रीहरि के प्रिय हुआ करते है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह को लेकर महिला श्रद्धालुओं के भजन व संकीर्तन ने भी श्रद्धालुओं को आस्थामय भाव मे मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के संयोजक पं. गिरधारी लाल शुक्ल एवं गायत्री शुक्ला ने प्रारम्भ मे गुरु महराज दिनेश जी का श्रद्धालुओं की ओर से अभिषेक किया।



इंदिरा गांधी के जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी

# देश की रक्षा के लिए इंदिरा ने प्राणों को कर दिया बलिदान : अरुण

**जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा की जयंती**

**कौशांबी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारी एकत्रित हुए और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए उस पर चर्चा किया और कहा कि हमें उनके आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने कभी देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया और उनके कार्यकाल में देश सुरक्षित रहा उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को बलिदान कर दिया इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी तमजीद अहमद मुमताज सिद्दीकी अजीत कुमार कुशवाहा विष्णु सोनी राजेंद्र त्रिपाठी शाहिद सिद्धकी कौशलेश द्विवेदी देवेश श्रीवास्तव इजहार अब्बास मोहम्मद इसहाक बेनी प्रसाद आदि लोग रहे।

# तीन घरों से लाखों की नगदी जेवरात उठा ले गए चोर

**आए दिन चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है और पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पा रही**

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन का पूरा गांव में बीती रात तीन घरो में चोरो ने घटना को अंजाम दे कर लाखो रुपये कीमत की जेवरात और नगदी साफ कर दिया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस घटना का सुरागरसी नहीं कर सकी है।

घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन का पूरा गांव निवासी मनु मिश्रा पुत्र मूल चन्द बुधवार की शाम हरिद्वार चले गये है बीती रात सुनसान घर देखकर चोर घर के बाहरी दरवाजे का ताला तोड़ कर अंदर प्रवेश कर गए और अंदर के कमरे का ताला तोड़ कर घर मे रखा नगदी और गहना उठा ले गए गृह स्वामी के मुताबिक मनु मिश्रा के घर से डेढ़ लाख रुपये कीमत से अधिक के जेवरात और नगदी अलग चोर ले गए हैं मनु मिश्रा के घर चोरी करने के बाद बेखौफ चोरों ने शिव कुमार पुत्र स्वर्गीय शिवपत के घर को निशाना बनाया और यहां भी चोरो ने जेवर नगदी आदि सामान की चोरी कर ली है दो घर में चोरी करने के बाद चोरों को पुलिस का भय नहीं था और फिर उन्होंने तीसरे घर पर धावा बोल दिया आधी रात को बेखौफ चोर उसके बाद राजा पुत्र स्वर्गीय गुड्डु शुक्ला के यहां घुस गए और उसके यहां से भी नगदी जेवर कपड़ा दाल आदि सामान बेखौफ तरीके से चोर उठा ले गए है चोरो का आतंक इतना बढ़ चुका है कि लोगो का जीना मुहाल हो गया है आए दिन चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है और पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पा रही है। लाखों रुपए की चोरी होने के बाद भी खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामले का मुकदमा नहीं दर्ज किया है इससे पुलिस की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है मनु मिश्रा के घर में चोरी की इस घटना में उनके किसी अपने का हाथ होने की आशंका जताई जाती है।



चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा अस्त व्यस्त सामान।

# भगवान भक्त और भक्ति पर सदैव रखते है कृपा : अभिनन्दन जी महाराज

**मुकुंदपुर मे श्रीमद्भभागवत कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु**

**प्रतापगढ़।** मुकुंदगंज होलागढ़ मे हो रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ मे वृंदावन से पधारे कथा व्यास अभिनन्दन जी महाराज ने श्रीमद्भभागवत कथा के महात्म्य के बारे मे मुख्य यजमान अवधेश नारायण त्रिपाठी एंव उपस्थित श्रद्धालुओं को बताते हुए कहा कि श्रीमद्भभागत कथा का श्रवण मनुष्य को अवश्य करना चाहिए, कथा श्रवण करने मोक्ष की प्राप्ति होती है । कथा के दौरान ब्यास ने बताया कि भगवान ने जगत को संदेश दिया है कि मृत्यु भी जीवन की हर प्रक्रिया की तरह शाश्वत सत्य है, उन्होनें कहा कि जीवन जीने की सही कला भगवान के प्रति निःस्वार्थ श्रद्धा तथा आचरण मे पारदर्शिता है। भगवान समान रूप से भक्त और भक्ति पर कृपा रखा करते है। इसके बावजूद मनुष्य का जीवन पथ से जब कभी भी विचलित हुआ करता है तो वह दुखों की अनुभूति करने लगता है। भक्ति व आराधना का तात्पर्य जीवन को सुचिता की गरिमा से सदैव सिंचित बनाये रखना है। कथा व्यास ने नारद व्यास संवाद के जरिए भी लोगों को जीवन की सुचिता के प्रति कठोर व्रत धारण किये जाने की सीख दी। कथा का संयोजन एंव व्यवस्था संदीप त्रिपाठी ने किया ।इस दौरान विष्णु मोहन, कृष्ण मोहन, सौरभ, गौरव, अभिषेक, हरि मोहन, सुयश, राहुल, डा.राजमणि, मुकुन्द मोहन, सूर्यमणि, श्याम मोहन, हर्षमणि त्रिपाठी, अनिल, सुनील आदि रहे।




कथा सुनाते अभिनंदन जी महाराज

# नेताओं की गोद में खेल रहे मूरतगंज पुलिस चौकी इंचार्ज

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी इंचार्ज सूबेदार बिंद का भी कारनामा अजीबो गरीब है इलाके में दर्जनों गंभीर अपराध के खुलासे में चौकी पुलिस हाफ रही है इनके कार्यकाल में हत्याओं को आत्महत्या लिखकर पुलिस ने पत्रावली बंद कर दी है दर्जनों चोरी की घटनाओं को इनके कार्यकाल में अभिलेखों में दर्ज नहीं किया गया है इलाके में आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है लेकिन मूरतगंज चौकी इंचार्ज सूबेदार बिंद नेताओं की गोद में खेल रहे हैं इस चौकी की स्थिति अब इतनी खराब हो गई है कि साक्ष्य के साथ तहरीर को साथ में लेकर पुलिस चौकी जाने वाले फरियादियों से अब चौकी पुलिस को खतरा महसूस हो रहा है चौकी पुलिस पीड़ितों पर जुल्म ज्यादती कर उसकी आवाज दबा देना चाहती है न्याय की मांग करने वालों पर शांति भंग की धारा दर्ज कर पुलिस पीड़ित लोगों का उत्पीड़न करने पर लगी हुई है और चौकी पुलिस के तमाम गुनाह विभाग ने माफ कर दिए हैं। बीते दिनों मूरतगंज चौकी क्षेत्र में इलियास अहमद पुत्र अब्दुल वहाब के लोहे की निमार्णाधीन गोमती को गांव के अराजक तत्वों ने भीड़ के बीच तोड़ दिया मौके पर ग्रामीणों ने अराजक तत्वों के गोमती तोड़ते हुए वीडियो में बना लिया वीडियो के साथ आरोपियों को नामजद करते हुए चौकी इंचार्ज को इलियास ने शिकायती पत्र दिया नामजद आरोपियों के संपर्क तक पुलिस पहुंची और दूसरे दिन से हमलावर बेगुनाह साबित कर दिए गए तमाम संक्षयं को चौकी इंचार्ज ने नजरअंदाज कर दिया और तहरीर लेकर जाने वाले इलियास और उनके परिजनों पर ही शांति भंग की कार्रवाई कर दी अब सवाल उठता है कि अपराध होने के बाद उसकी तहरीर लेकर पुलिस चौकी जाना भी योगीराज में गुनाह हो गया है न्याय मांगने से पुलिस की शांति व्यवस्था खराब होती है चौकी पुलिस की माने तो अपराध होने दो तहरीर मत देना वरना चौकी इंचार्ज सूबेदार बिंद के राज में जेल भेज दिए जाओगे आखिर योगीराज में पीड़ितों का उत्पीड़न करने वाले चौकी इंचार्ज को आला अधिकारी कब निलंबित करेंगे जनता इसका इंतजार कर रही है।

